# दस्तकारी प्रदर्शनी के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम

## प्रभारी – डॉ. रजनी शर्मा

महाविद्यालय में दिनांक 11.02.2021 को शांति मैत्री मिशन (NGO), दैनिक लोकमत व लहरिया के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 06 से 08 मार्च, 2021(महिला दिवस के अवसर पर) के लिए आयोजित होने वाली तीन दिवसीय महिला दस्तकारी प्रदर्शनी एवं फैशन शो के लिये छात्राओं को आवश्यक जानकारी देने हेतु, सुदर्शन सभागार में, एक आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दैनिक लोकमत की अंकिता माथुर ने छात्राओं को इस शो से जुडकर स्वयं के व्यक्तित्व व आत्मविश्वास को बढ़ाने पर जोर दिया। शांति मैत्री मिशन (NGO) की रितु गौड़ ने छात्राओं को बीकानेर की हथकरघा इकाईयों में निर्मित वस्त्र, ग्रामीण महिलाओं की रचनात्मकता को दर्शाने वाली कशीदाकारी, प्रिंटिंग फैब्रिक पेंटिंग को प्रोत्साहन देने के लिये स्वयं सहायता समूह (Self Help Group) के लिये होने वाली तीन दिवसीय प्रदर्शनी की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को भी अपने हुनर व कौशल के प्रदर्शन के लिये प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर अपने उद्यमिता कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उद्यमिता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. रजनी शर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रोजगारोन्मुखी कौशल प्रबंधन क्षमता विकास

महाविद्यालय के सुदर्शन सभागार में दनांक 31.03.2021 को उद्यमिता एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रबंधन क्षमता विकास आधारित 05 दिवसीय प्रशिक्षण के संबध में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनका मार्गदर्शन तथा काउन्सलिंग हेतु आरएस–एलडीसी एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर व महाविद्यालय के उद्यमिता प्रकोष्ठ और कौशल विकास प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यशाला में आयुक्तालय के इनोवेशन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. विनोद भारद्वाज ने छात्राओं को सरल शब्दों में कौशल विकास की महत्ता को समझाया। उन्होनें सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क योजनाओं में अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाने की अपील की। डॉ. भारद्वाज ने बताया की आयुक्तालय द्वारा आरएसएलडीसी समेत 10 एमओयू विद्यार्थियों की निःशुल्क उद्यमिता और कौशल प्रबंधन की क्षमता को बढाने के लिए किए है। इस अवसर पर स्टार स्किल ऐप की जानकरी देते हुए मनसा मानव कल्याण संस्थान के निदेशक श्री मनीष जी ने इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेज की जानकारी दी। उद्यमिता प्रकोष्ठ की डॉ. रजनी शर्मा ने 05 दिवसीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाली निःशुल्क प्रशिक्षण के संबध में और अधिक जानकारी देते हुए अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नए लोगो का भी लोकार्पण किया गया। कौशल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शशि वर्मा द्वारा संचालित ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलता–पूर्वक पूर्ण करने वाली छात्राओं को भी इस अवसर पर प्रमाण पत्र वितरित किये।

# कोविड वेक्सिन की उपयोगिता, महत्त्व एवं सावधानियों पर व्याख्यान


## प्रभारी – डॉ. इन्दिरा गोस्वामी

दिनांक 09.03.2021 को IQAC के [illegible] कोविड वेक्सीन की उपयोगिता, महत्त्व एवं सावधानियों के विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता बीकानेर के सीएमएचओ डॉ. अनिल वर्मा एवं इनकी टीम ने सभागार में उपस्थित व्याख्याताओं एवं छात्राओं को कोविड वेक्सीन के महत्त्व, सावधानियों एवं आवश्यक शर्तों के विषय में बतलाया।

उन्होनें इस विषय में छात्राओं की भ्रामक धारणाओं का भी समाधान किया। डॉक्टर टीम ने कोरोना महामारी के विषय में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया एवं इस संबंध में उनकी समस्याओं एवं प्रश्नों का भी समाधान किया।

इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को मास्क, सैनेटाइजर एवं हैण्डवाश की अनिवार्यता बतलाते हुए विसंक्रामक साबुन का वितरण भी किया।

अंत में IQAC समन्वयक डॉ. इंदिरा गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही डॉक्टर टीम को अधिक से अधिक लोगों को कोविड वेक्सीन लगवाने के विषय में जागरूक करने का महाविद्यालय की ओर से आश्वासन दिया।




Name - Kavita chaudh…

रहे अन्य विशेष वक्ता के रूप में बीकानेर शहर के जाने पहचाने विधिवेता श्री शंकर लाल हर्ष रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश हर्ष, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने की तथा महाविद्यालय के अधिकांश लगभग 50 संकाय सदस्यों ने तथा 15 मंत्रालयिक कर्मचारियों एवं लगभग 100 छात्राओं ने शुरू से अंत तक अपनी उपस्थिति बनायी रखी।

कार्यशाला के प्रथम वक्ता डॉ. भगवाना राम विश्नोई ने **"बौद्धिक संपदा एक परिचय"** विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया, डॉ. विश्नाई ने अपनी सरल भाषा में यह समझाने का प्रयास किया की भारत की प्राचीनतम् संपदा जैसे वेद, योगा आदि का दूसरे देशों के द्वारा अपने नाम से पेटेन्ट करवा लिया गया है और हल्दी, नीम जैसी परम्परागत भारतीय औषधियों के लिए पेटेन्ट करवाने हेतु भारत सरकार को डब्ल्यूटीओ का अन्य मंचों पर किस प्रकार संघर्ष करना पडा।

कार्यशाला में द्वितीय वक्ता श्री शंकर लाल हर्ष ने बौद्धिक संपदा कानून के Introduction Registration of Trade Mark, Infringement of trade mark, Classification of trade mark और Opposing a trade mark's Registration जैसे पहलुओं पर अपना सारगर्भित और उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया।

कार्यशाला के तृतीय वक्ता श्री महेश शर्मा, एडीजे, अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत बीकानेर ने कार्यशाला की विषय वस्तु को ध्यान में रखते हुए, बौद्धिक संपदा अधिकार क्या है, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन, बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रकार, पेटेन्ट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, भौगोलिक संकेतांक पर गहनता से प्रकाश डालते हुए यह भी समझाने का प्रयास किया की भारतीय बौधिक संपदा अधिकार कानून की क्या–क्या कमियां है और भारत सरकार के द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार कानून के संरक्षण हेतु क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं।



मानसी शर्मा
एम.ए. फाइनल अंग्रेजी

## पूर्व छात्रा स्नेहमिलन समारोह
### प्रभारी – डॉ. ललिता यादव

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में 25.03.2021 को महाविद्यालय के 75वें जयंती वर्ष पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में छात्रा समिति तथा आई.क्यू.ए.सी के संयुक्त तत्त्वाधान मे पूर्व छात्राओं का स्नेह मिलन समारोह "स्मृतियां" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा डॉ. ललिता यादव, डॉ. नरेश पंवार एवं पूर्व सीमा व्यास विधायक सिद्धि कुमारी, डॉ. कृष्णा तोमर, डॉ. प्रभा भार्गव, समाजसेवी श्रीमती शशि चुघ, पर्वतारोही सुषमा बिस्सा, डॉ. सुधा आचार्य, सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट पदों पर आसीन पूर्व छात्राओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा तथा प्रभारी डॉ. ललिता यादव ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया तथा सभी पूर्व छात्राओं ने अपना परिचय दिया। साथ ही सभी ने महाविद्यालय से जुड़े अपने यादगार लम्हों को सबके साथ साझा किया। कार्यक्रम में सभी ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया तथा महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास हेतु आगे भी आते रहने का वादा किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंताक्षरी का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्राओं की रुचिपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्रा डॉ. मंजुला बारेठ, डॉ. संजू श्रीमाली एवं नूरजहां ने किया। कार्यक्रम में आगामी योजना हेतु कार्यकारिणी के साथ में ओपन सेशन में विचार अभिव्यक्त किये गये। कार्यक्रम के अंत में सबने राष्ट्रगान गाया। कार्यक्रम में 150 से अधिक पूर्व छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## बौद्धिक सम्पदा पर एक दिवसीय कार्यशाला
### राजनीति शास्त्र विभाग

महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता संर्वधन समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 24 मार्च 2021 को Intellectual Preperty Rights यथा बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर एकं दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. महेश कुमार रचियता, सह आचार्य, राजनीतिक विज्ञान विभाग थे। समस्त कार्यक्रम राजनीति विज्ञान की प्रभारी डॉ. मंजू मीणा एवं डॉ. नूरजहां तथा डॉ. शशि वर्मा ने प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा के निर्देशन में तय किया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री महेश शर्मा अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, बीकानेर एवं डॉ. भगवाना राम विश्नोई प्राचार्य राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर

पुष्पमाला व स्मृति चिहन भेंट कर स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 महाविद्यालयों ने भाग लिया।

**एकल नृत्य प्रतियोगिता परिणाम :**

1. वैष्णवी तनेजा, राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

2. अश्वनी व्यास, महाराजा गंगासिंह विवि, बीकानेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

3. शंकर नाथ सिद्ध, राजकीय विधि महाविद्यालय, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

4. अमिशा जावा, सिस्टर निवेदिता कॉलेज व लव्या कल्ला एम.ए. पूर्वाद्ध जैन कन्या महाविद्यालय बीकानेर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

न्यायमूर्ति श्री गोपाल कृष्ण व्यास राज्य मानवाधिकार आयोग, जयपुर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। श्री व्यास ने संगीत पर विस्तार से बताया और लोक गीतों का महत्व समझाया। उन्होनें अपनी मधुर आवाज में लोक गीत गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा, डॉ. कृष्णा तोमर, डॉ. राकेश हर्ष व डॉ. इंदिरा गोस्वामी ने प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजंता गहलोत एवं डॉ. हिमांशु कांडपाल ने किया। सांस्कृतिक समिति के सदस्य डॉ. इंदिरा गोस्वामी, डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. श्रुति गोस्वामी, डॉ. संजू श्रीमाली एवं डॉ. रोजी श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डॉ. असित गोस्वामी ने सभी का आभार प्रदर्शित किया।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

महाविद्यालय की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में छात्राओं को स्वास्थ्य व हाइजिन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 08.04.2021 को आईक्यूएसी, राजीव गांधी विकास केन्द्र व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्‌धाटन करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने छात्राओं को अधिकाधिक संख्या में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं व संकाय सदस्यों के साथ बीकानेर के पीबीएम की डॉ. संगीता शेखावत, एसपीएमसी की मनोवैज्ञानिक डॉ. अंजु ठुकराल व कोठारी हॉस्पीटल की डॉ. अर्पिता ने छात्राओं के स्वास्थ्य व हाईजिन के संबंध में काउन्सलिंग की।

इस शिविर में 103 छात्राओं एवं समस्त संकाय सदस्यों के हीमोग्लोबिन, शुगर व बीपी जांच की गयी। शिविर के समापन पर प्राचार्य व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ नरेश पंवार एवं राजीव गांधी विद्यार्थी सेवा केन्द्र प्रभारी डॉ. रजनी शर्मा द्वारा विशेषज्ञों को स्मृति चिह्न प्रदान कर आभार व्यक्त

... सैनी, डॉ पारुल सिंहल ... पुरोहित। प्रतियोगिता का ... श्रीमाली ने किया। हिन्दी ... प्रतियोगिता का विषय "ऑन ... पारंपरिक कक्षाओं का विकल्प

... प्रतियोगिता का तीसरा सत्र ... वितरण का रहा। इस सत्र के मुख्य ... श्री शिशिर चतुर्वेदी, सहायक ... ओ.टी.एस बीकानेर, विशिष्ट ... श्री जगदीश राठी व श्रीमती शशि ... उद्योगपति एवं समाजसेविका रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने की। विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किये गये। धन्यवाद डॉ. असित गोस्वामी ने दिया। विजेताओं को नकद पुरस्कार के रूप में राशि डॉ. रजनीरमण झा के द्वारा दी गयी। इस कार्यक्रम में अल्पाहार की व्यवस्था वाद–विवाद समिति की ओर से की गई।

माननीय अतिथियों व निर्णायक मंडल के सदस्यों को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किये गये।

## एकल गायन एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता रिपोर्ट

### प्रभारी – डॉ. ऋषभ जैन

राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा अपनी 75वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 21.03.2021 को अंतरमहाविद्यालय एकल गायन एवं एकल नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित कि गई। इन प्रतियोगिताओं के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सेवा निवृत प्राचार्य राजकीय डूंगर महाविद्यालय डॉ. कृष्णा राठौड़ तोमर, विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय डॉ राकेश हर्ष रहे। प्रतियोगिता कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिशिर शर्मा ने की। महाविद्यालय की 75वीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष पर्यन्त होने वाली प्रतियोगिताओं का डॉ. इंदिरा गोस्वामी ने विस्तार से ब्यौरा दिया।

एकल गायन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री लक्ष्मीनारायण सोनी, श्री अमित गोस्वामी एवं श्री राकेश माथुर रहे। इस प्रतियोगिता में 08 महाविद्यालयों ने भागीदारी निभाई।

एकल गायन प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा।

**1. एकल गायन प्रतियोगिता :**

1. निकिता हर्ष, राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

2. योगेश पुरोहित, राजकीय डूँगर महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

3. ज्योति पुरोहित, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

4. ऋषिका चांडक, जैन कन्या महाविद्यालय,

दीपमाला चांवरिया बिन्नाणी कन्या महाविद्यालय, ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किये।

एकल नृत्य निर्णायक मंडल

## वाद विवाद प्रतियोगिता

### प्रभारी – डॉ. रमेश नारायण पुरोहित

महाविद्यालय की 75 वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 25.02.2021 को जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय वाद–विवाद (हिन्दी व अंग्रेजी) प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में सम्पन्न हुई।

1. उद्घाटन सत्र
2. वाद–विवाद प्रतियोगिता
3. पुरस्कार वितरण सत्र

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच. डी. चारण और विशिष्ट अतिथि सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर संभग डॉ. राकेश हर्ष रहे। डॉ. चारण ने वाद–विवाद प्रतियोगिता की महत्ता पर प्रकाश डाला और आदि शंकराचार्य का उदाहरण दिया। डॉ राकेश हर्ष ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की उपयोगिता पर जोर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा व महत्ता डॉ. इंदिरा गोस्वामी ने बताई।

उद्घाटन सत्र क बाद वाद–विवाद प्रतयोगिताएं हुईं। पहले अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता हुई, इसमें 09 महाविद्यालयों के 16 प्रतिभागी (पक्ष–विपक्ष) शामिल हुए।

प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा :

**1. प्रथम स्थान :** जय प्रकाश शर्मा – नेहरू शारदा पीठ।

**2. द्वितीय स्थान :** योगिता रंगा – बिन्नाणी कन्या महाविद्यालय।

**3. तृतीय स्थान :** अदिति दाधीच, राजकीय पोलीटेक्निक कॉलेज, बीकानेर।

**4. सांत्वना पुरस्कार :** अंजलि व्यास, बिन्नाणी कन्या महाविद्यालय, बीकानेर एवं उर्वशी गौड, राजकीय महाविद्यालय, लूनकरणसर।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री प्रेम सिंह शेखावत–पूर्व उप प्राचार्य, श्रीमती सुशीला ओझा व डॉ. राकेश माथुर थे।

अंग्रेजी वाद–विवाद प्रतियोगिता का विषय : Technology is making people less productive. इस प्रतियोगिता का संचालन श्री संपत भादू ने किया।

हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता में महाराजा गंगासिंह विश्वद्यिालय, बीकानेर सहित 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नानुसार रहा :

**1. प्रथम स्थान** – रितु गहलोत – राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर।

**2. द्वितीय स्थान** – मिताली विश्नोई राजकीय महाविद्यालय, लूणकरनसर।

**3. तृतीय स्थान** – खुशबू भाटी – राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर।

**4. सांत्वना पुरस्कार** – हितेन्द्र सिंह, बीजेएस रामपुरिया जैन महाविद्यालय, बीकानेर व अमिशा झा, राजकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय, बीकानेर।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल इस प्रकार रहे :